



## सच्चाई जानकर नयनिका को ठुकराएगा ईशान, टूटेगा रिश्ता

**स्टार प्लस के शो 'सैराब' की कहानी आने वाले दिनों में एक बेहद भावुक मोड़ लेने वाली है. नयनिका और ईशान के रिश्ते में ऐसा तूफान आने वाला है, जो दोनों की जिंदगी बदल देगा. नयनिका आखिरकार बसु परिवार का घर छोड़ देती है.**

परिवार और बेटी टिन्नी के साथ हुए विवाद के बाद वह यह तय करती है कि अब वह उस घर में कभी वापस नहीं लौटेगी. इसी बीच वह ईशान के पास मुंबई पहुंचती है, लेकिन वहां उसे प्यार और सहारे के बजाय ऐसा अपमान मिलता है, जो उसके दिल को पूरी तरह तोड़ देता है.

कहानी में टिन्नी अपनी मां नयनिका पर जमकर आरोप लगाती है. वह इस बात को स्वीकार नहीं कर पाती कि उसकी मां उससे काफी कम उम्र के ईशान के साथ रिश्ते में है. गुस्से में टिन्नी नयनिका को अपमानित करती है और उसे बुरा-भला कहती है. नयनिका हालांकि अपने प्यार का बचाव करती है. वह ईशान के लिए अपने फैसले पर कायम रहती है



## तुलसी की जिंदगी में फिर होगी अनुपम कपाड़िया की एंट्री

**टेलीविजन के लोकप्रिय धारावाहिक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में एक बार फिर पुराना चेहरा दर्शकों के सामने नजर आने वाला है. अभिनेता अमन वर्मा शो में अपने चर्चित किरदार अनुपम कपाड़िया के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं.**

उनकी वापसी की खबर सामने आने के बाद शो के पुराने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है. अमन वर्मा पहले इस धारावाहिक में तुलसी के पूर्व प्रेमी के किरदार में नजर आए थे. अब उनकी दोबारा एंट्री कहानी में रहस्य, भावनाओं और नए मोड़ का तड़का लगाने वाली है. अमन वर्मा इस बार कहानी में एक रहस्यमयी शख्स के तौर पर दिखाई देंगे. उन्हें मास्कमैन के रूप में पेश किए जाने की चर्चा है और बाद में उनकी पहचान अनुपम कपाड़िया के तौर पर सामने आएगी. इस खुलासे के साथ तुलसी के अतीत से जुड़ी कई परतें फिर खुल सकती हैं. दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि अनुपम और तुलसी का पुराना रिश्ता वर्तमान कहानी को किस तरह प्रभावित करता है.

# चार दिन में 100 करोड़ क्लब में पहुंची 'टॉक्सिक'



रॉकिंग स्टार यश की पैन-इंडिया फिल्म 'टॉक्सिक : ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने हिंदी बाजार में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिलीज के महज चार दिनों में 100 करोड़ रुपये नेट का आंकड़ा पार कर लिया है. गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी इस फिल्म को रिलीज से पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता थी. करीब चार साल के लंबे अंतराल के बाद यश की बड़े पर्दे पर वापसी ने फिल्म को लेकर दर्शकों की दिलचस्पी और बढ़ा दी. दक्षिण भारत में यश की मजबूत फैन फॉलोइंग के साथ ही हिंदी भाषी बाजारों में भी फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है.

बड़े महानगरों से लेकर उत्तर भारत के प्रमुख केंद्रों तक फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. यश की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस को फिल्म की प्रमुख खूबियों में गिना जा रहा है. खास बात यह है कि बॉलीवुड में औपचारिक डेब्यू किए बिना ही यश ने हिंदी दर्शकों के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई है और 'टॉक्सिक' की सफलता इसे और मजबूत करती दिख रही है. फिल्म के हिंदी संस्करण ने पहले दिन 55.40 करोड़ रुपये नेट का कलेक्शन किया था. इसके बाद भी फिल्म की रफ्तार कायम रही और चार दिनों में ही यह 100 करोड़ रुपये नेट क्लब में शामिल हो गई. टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है. फिल्म का निर्माण वेंकट के. नारायण ने केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले किया है.




## अमेरिका में दो महीने पहले शुरू हुई 'बोहरूपी' की बुकिंग

नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बोहरूपी: द गोल्डन डाकू' ने रिलीज से पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास उपलब्धि हासिल कर ली है। फिल्म की अमेरिका में एडवांस बुकिंग भारत में रिलीज से करीब दो महीने पहले शुरू हो गयी है. बंगाली सिनेमा और विंडोज प्रोडक्शंस के लिए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है. इंटरनेशनल फिल्म एसोसिएशन ऑफ कनेक्टिकट (आईएफएसी) की पहल के तहत फिल्म की स्क्रीनिंग 15 नवंबर को बोस्टन और 22 नवंबर को कनेक्टिकट में की जायेगी. इस पहल के जरिए अमेरिका में रह रहे बंगाली दर्शकों तक फिल्म को पहुंचाया जायेगा. नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने संयुक्त बयान में कहा कि उनके करियर में पहली बार किसी बंगाली फिल्म की अंतरराष्ट्रीय एडवांस बुकिंग उसकी सिनेमाघरों में रिलीज से दो महीने पहले शुरू हुई है.

# कृति ने मनाया रक्षाबंधन



**अभिनेत्री कृति खरबंदा ने रक्षाबंधन के खास मौके पर अपने परिवार के साथ खूबसूरत अंदाज में त्योहार मनाया और सेलिब्रेशन की कई कैंडिड तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं. तस्वीरों में परिवार के साथ हंसी-मजाक, प्यार और अपनापन साफ नजर आ रहा है.**

कृति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'हम 'हम साथ-साथ हैं' टाइप फैमिली हैं.' उनका यह संदेश परिवार के प्रति उनके खास लगाव और मजबूत बॉन्डिंग को बयां करता है. उन्होंने लिखा, 'प्यार करने के लिए ज्यादा लोग, उनकी रक्षा करने के लिए ज्यादा लोग, खुशियां मनाने के लिए ज्यादा जीत, साझा करने के लिए ज्यादा पल और रोने के लिए ज्यादा कंधे.'

कृति का यह भावुक संदेश रक्षाबंधन के मायने को भी खूबसूरती से सामने रखता है.

त्योहार सिर्फ राखी बांधने की परंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार के साथ प्यार, सुरक्षा, खुशियां और जिंदगी के हर उतार-चढ़ाव को साझा करने का अवसर भी है. तस्वीरों में कृति अपने परिवार के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं. परिवार के सदस्यों के बीच की सहज और खुशनुमा बॉन्डिंग इन तस्वीरों को खास बना रही है. कृति ने अपने संदेश का अंत 'हैप्पी राखी' लिखकर किया.

कृति खरबंदा की ये कैंडिड फैमिली तस्वीरें और उनका दिल से लिखा नोट रक्षाबंधन की उस भावना को दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताया हर पल और अपनों का साथ सबसे ज्यादा मायने रखता है.



## कार्तिक आर्यन ने बहन कृतिका के साथ मनाया रक्षाबंधन

**बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने रक्षाबंधन का त्योहार अपनी बहन कृतिका आर्यन के साथ खास और मस्ती भरे अंदाज में मनाया.कार्तिक ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर भाई-बहन के खूबसूरत पलों की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें दोनों के बीच की मजबूत बॉन्डिंग और पारिवारिक गर्मजोशी साफ नजर आई.**

कार्तिक ने तस्वीरों की एक सीरीज साझा की है, जिसमें वह बहन कृतिका के साथ रक्षाबंधन की रस्में निभाते नजर आ रहे हैं. एक तस्वीर में कृतिका उन्हें मिठाई खिलाती दिखाई दे रही हैं, जबकि कार्तिक हाथ जोड़कर बहन से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं.

वहीं, एक अन्य तस्वीर में दोनों अपने प्यारे पेट्स के साथ मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं. कार्तिक ने अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'राखी डन, आशीर्वाद क्रेडिटेड, जेब खाली.'

कार्तिक का यह मजेदार अंदाज रक्षाबंधन के उस पहलू को बयां करता है, जिससे कई भाई आसानी से खुद को जोड़ सकते हैं. तस्वीरों में कृतिका हल्के हरे रंग के खूबसूरत पारंपरिक परिधान में नजर आ रही हैं, जबकि कार्तिक ने कैजुअल लुक चुना है. दोनों भाई-बहन तस्वीरों में काफी सहज और खुश नजर आ रहे हैं.



फिल्म 'परम सुंदरी' के रिलीज के एक साल पूरे हो गए हैं और इस मौके पर फिल्म का लोकप्रिय गीत 'परदेसिया' एक बार फिर चर्चा में है. जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा पर फिल्माया गया यह रोमांटिक गीत फिल्म के यादगार म्यूजिकल पलों में शामिल रहा है.

# फिर चर्चा में जाह्नवी-सिद्धार्थ की रोमांटिक केमिस्ट्री

'परदेसिया' में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की रोमांटिक केमिस्ट्री ने दर्शकों का खास ध्यान आकर्षित किया था. गाने की मधुर धुन, खूबसूरत लोकेशंस और दोनों कलाकारों की सहज स्क्रीन प्रेजेंस ने इसके रोमांटिक एहसास को और प्रभावी बनाया.

### 'परम सुंदरी' के एक साल पूरे

'परम सुंदरी' की प्रेम कहानी को खूबसूरती से दर्शाने वाले इस गीत में जाह्नवी और सिद्धार्थ की जोड़ी ने प्यार और आकर्षण के कई रंग पेश किए. दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया और यही वजह है कि रिलीज के एक साल बाद भी 'परदेसिया' फिल्म की खास यादों में शामिल है.

'परम सुंदरी' के एक साल पूरे होने के साथ ही 'परदेसिया' एक बार फिर प्रशंसकों के बीच चर्चा में है. जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी वाला यह रोमांटिक म्यूजिकल मोमेंट आज भी दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाए हुए है.

## यंग इंडिया

## भेल में 10वीं- आईटीआई पास के लिए निकली अप्रेंटिसशिप भर्ती

**10वीं और आईटीआई पास युवाओं के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड यानी बीएचईएल में अप्रेंटिसशिप करने का अच्छा अवसर है. बीएचईएल के तिरुचिराप्पल्लि यूनिट ने विभिन्न ट्रेड में कुल 380 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है.**

इस भर्ती की खास बात यह है कि उम्मीदवारों को चयन के लिए किसी लिखित परीक्षा या इंटरव्यू में शामिल नहीं होना होगा. अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची के जरिए किया जाएगा. चयनित उम्मीदवारों को 12 महीने की अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसके दौरान उन्हें बीएचईएल के औद्योगिक माहौल में काम करने

बीएचईएल
BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED
A Government of India Enterprise

और संबंधित ट्रेड का व्यावहारिक अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा. ट्रेड के अनुसार उम्मीदवारों को हर महीने 10,560 रुपये से लेकर 11,040 रुपये तक स्टाइपेंड दिया जाएगा. भर्ती में फिटर के 125, वेल्डर के 115, इलेक्ट्रीशियन के 30, टर्नर के 20, मशीनिस्ट के 20, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक के 7, मोटर मैकेनिक के 12, मैकेनिक आरएंडएसी के 6 और सीओपीए के 45 पद शामिल हैं. इस तरह कुल 380 पदों पर युवाओं को प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा.

# बीए के बाद करियर के लिए खुलती हैं कई राहें

**बीए यानी बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री को अक्सर केवल सरकारी नौकरी की तैयारी से जोड़कर देखा जाता है. हालांकि, मौजूदा समय में बीए के बाद करियर के विकल्प काफी बढ़ गए हैं. छात्र अपनी रुचि, क्षमता और कौशल के अनुसार निजी क्षेत्र में भी शानदार करियर बना सकते हैं.**

डिजिटल मार्केटिंग से लेकर डेटा एनालिटिक्स, मीडिया, प्रबंधन और डिजाइनिंग तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बीए स्नातकों के लिए अच्छे अवसर मौजूद हैं. भाषा और लेखन में रुचि रखने वाले छात्र मास कम्युनिकेशन और पत्रकारिता में डिप्लोमा या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर सकते हैं. इसके बाद समाचार पत्र, डिजिटल मीडिया, टीवी और रेडियो में काम के अवसर मिल सकते हैं.



### डिजिटल मार्केटिंग में बढ़ रही विशेषज्ञों की मांग

वहीं, कंपनियों की ऑनलाइन मौजूदगी बढ़ने के साथ डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञों की मांग भी तेजी से बढ़ी है. बीए के बाद डिजिटल मार्केटिंग का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम कर एसईओ, सोशल मीडिया या ऑनलाइन विज्ञापन के क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है. प्रबंधन में रुचि रखने वाले छात्र प्रवेश परीक्षा के जरिए एमबीए कर मानव संसाधन, मार्केटिंग और संचालन जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं. इसी तरह बीए के बाद तीन वर्षीय एलएलबी करके वकालत, कानूनी सलाह और कॉर्पोरेट कानून के क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है. हॉस्पिटैलिटी और घूमने-फिरने में रुचि रखने वालों के लिए होटल मैनेजमेंट और पर्यटन भी बेहतर विकल्प हैं. रचनात्मक सोच वाले छात्र ग्राफिक डिजाइनिंग और यूआई/यूएक्स में करियर बना सकते हैं, जबकि जरूरी तकनीकी कौशल और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के साथ आर्ट्स बैकग्राउंड के छात्र डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्र में भी प्रवेश कर सकते हैं.

समाज सेवा में रुचि रखने वाले युवा एमएसडब्ल्यू के जरिए गैर-सरकारी संगठनों और सामाजिक परियोजनाओं से जुड़ सकते हैं. वहीं बीएड, एमए और नेट के जरिए शिक्षण व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलता है. इवेंट मैनेजमेंट भी तेजी से उभरता क्षेत्र है, जहां अनुभव के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने की संभावना रहती है. इसलिए बीए के बाद करियर चुनते समय केवल सरकारी नौकरी को ही विकल्प न मानें, बल्कि अपनी रुचि, कौशल और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर सही क्षेत्र का चुनाव करें.




## रेलवे में बिना परीक्षा 1599 पदों पर सीधी भर्ती

**भारतीय रेलवे में अप्रेंटिसशिप करने के इच्छुक 10वीं और आईटीआई पास युवाओं के लिए ईस्ट कोस्ट रेलवे ने बड़ा अवसर दिया है. रेलवे भर्ती सेल ने वर्ष 2026-27 के लिए कुल 1599 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है. इस भर्ती में चयन के लिए उम्मीदवारों को किसी लिखित परीक्षा या इंटरव्यू से नहीं गुजरना होगा.**

अभ्यर्थियों का चयन 10वीं और आईटीआई में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची के जरिए किया जाएगा. मेरिट में 10वीं और आईटीआई के अंकों को 50-50 प्रतिशत का समान महत्व दिया जाएगा.

इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं परीक्षा पास होना जरूरी है. इसके साथ संबंधित ट्रेड में एनसीवीटी या एससीवीटी से मान्यता प्राप्त संस्थान से आईटीआई प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है. फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मशीनिस्ट, प्लंबर समेत विभिन्न ट्रेड में अप्रेंटिसशिप का मौका मिलेगा. जिन उम्मीदवारों का 10वीं या आईटीआई का अंतिम परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है अथवा जो आईटीआई परीक्षा में असफल हो चुके हैं, वे आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे.

आयु सीमा की बात करें तो 15 सितंबर 2026 को उम्मीदवार की उम्र न्यूनतम 15 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग को 3 वर्ष और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट मिलेगी. आवेदन प्रक्रिया 26 अगस्त 2026 शाम 5 बजे से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 15 सितंबर 2026 शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों को 100 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और सभी वर्ग की महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क नहीं रखा गया है.

# आईओबी में 291 अफसर पदों पर भर्ती, 15 सितंबर तक करें आवेदन

**इंडियन ओवरसीज बैंक में अफसर बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है. बैंक ने जनरलिस्ट और स्पेशलिस्ट अफसरों के कुल 291 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है.**

बैंक की ओर से 28 अगस्त 2026 को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार योग्य उम्मीदवार 29 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन केवल बैंक की




आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे. इस भर्ती अभियान में जूनियर मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-I, मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-II और मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-III में 14 तरह के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. कुल 291 पदों में सबसे अधिक 100 पद मैनेजर ब्रांच मैनेजमेंट के लिए हैं. इसके बाद मैनेजर आईटी के 65, मैनेजर क्रेडिट के 35, असिस्टेंट मैनेजर सिक्योरिटी के 25 और सीनियर मैनेजर क्रेडिट के 15 पद हैं. इसके अलावा सूचना सुरक्षा, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन और साइबर सिक्योरिटी जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भी विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी. कुल पदों में 12 सीटें दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं.

उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है. मैनेजर ब्रांच मैनेजमेंट के लिए किसी भी विषय में स्नातक डिग्री के साथ बैंकिंग क्षेत्र का अनुभव जरूरी है. तकनीकी पदों के लिए संबंधित विषय में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस या अन्य निर्धारित योग्यता और प्रमाणपत्र मांगे गए हैं. आयु सीमा पद के अनुसार 22 से 45 वर्ष के बीच है और इसकी गणना 1 अगस्त 2026 के आधार पर की जाएगी. आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी. चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा और इंटरव्यू शामिल होंगे. परीक्षा में अंग्रेजी भाषा, सामान्य जागरूकता और व्यावसायिक ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे. गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंकन भी लागू होगा. अंतिम चयन सूची में ऑनलाइन परीक्षा को 80 प्रतिशत और इंटरव्यू को 20 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा.